# प्रेस –नोट

## थाना नवाबाद

**दिनाँक 04.10.2025**

- **स्वाट एवं थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार,**
- **कब्जे से अवैध असलहा कारतूस बरामद व चोरी के आभूषण बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में स्वाट एवं थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 04.10.2025 को समय करीब 01.30 बजे मु0अ0स0 254/25 धारा 305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. चपारी पुत्र श्याम निवासी वार्ड नं0 06 हरिजन कालोनी कस्बा व थाना बबीना झाँसी हाल निवासी आवास सं0 8/5 काशीराम कालोनी करारी थाना सीपरी बाजार जिला झांसी 2. कुट्टू पुत्र हरिनाथ निवासी वार्ड नं0 06 हरिजन कालोनी कस्बा व थाना बबीना झाँसी हाल निवासी पीली कालोनी अम्बाबाई थाना सीपरी बाजार, झाँसी को करगुंवा की पहाड़ी के पीछे थाना क्षेत्र नवाबाद झांसी में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त चपारी पुत्र श्याम के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

**संक्षिप्त विवरण –**

उल्लेखनीय है दिनांक 10.07.2025 को वादी श्री महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप यादव नि0 मेडिकल बाईपास तिराहा कोछाभाँवर थाना नवाबाद जनपद झांसी थाना नवाबाद पर अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर की खिड़की की ग्रिल निकाल कर घर के कमरे से अलमारियों व रैक मे रखे जेवर व रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अज्ञात अभियुक्त के मु0अ0सं0 254/25 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में अज्ञात अभि0 की तलाश व चोरी गये माल की बरामदगी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। जिन्हे आज चेकिंग के दौरान करगुआं जी पहाड़ी के पीछे बने कच्चे रास्ते पर मुठभेड़ में अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 02 खोखा राउण्ड व 02 जिंदा कारतूस व चोरी का माल (एक चेन, एक अंगूठी, एक कान की झुमकी, 2 जोड़ी पायल, 04 जोडी बिछिया) बरामद किया गया है। एक अपराधी दीपक लोहार मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण –

1. चपारी पुत्र श्याम निवासी वार्ड नं0 06 हरिजन कालोनी कस्बा व थाना बबीना झाँसी हाल निवासी आवास सं0 8/5 काशीराम कालोनी करारी थाना सीपरी बाजार जिला झांसी उम्र करीब 25 वर्ष

2. कुट्टू पुत्र हरिनाथ निवासी वार्ड नं0 06 हरिजन कालोनी कस्बा व थाना बबीना झाँसी हाल निवासी पीली कालोनी अम्बाबाई थाना सीपरी बाजर झाँसी उम्र करीब 50 वर्ष

## बरामदगी का विवरण –

1- 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस

2- चोरी के आभूषण 1 चेन, 1 अंगूठी, 1 कान की झुमकी, 2 जोड़ी पायल, 04 जोडी बिछिया

## गिरफ्तार करने वाली टीम –

1 - प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद मय पुलिस टीम

2 – प्रभारी स्वाट मय टीम